दिन– शनिवार

दिनांक– 13/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने नवगठित तीन विभागों की जिम्मेवारी प्रभारी मंत्रियों को सौंपी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जिम्मे रहेगा नागर विमानन विभाग।

02. एसएसबी के स्थापना दिवस के अवसर पर भारत–नेपाल सीमा पर बॉर्डर यूनिटी रन का हुआ आयोजन।

03. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

04. और, राज्य के अधिकांश हिस्सों में ठंड में बढ़ोतरी। सात दशमलव छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ किशनगंज सबसे ठंडा स्थान रहा।

---

राज्य सरकार ने नवगठित तीन विभागों की जिम्मेवारी प्रभारी मंत्रियों को सौंप दी है। कैबिनेट विभाग से जारी अधिसूचना के अनुसार नागर विमानन विभाग की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास रहेगी। उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी शिक्षा मंत्री सुनील कुमार संभालेंगे, जबकि युवा, रोजगार और कौशल विकास विभाग की जिम्मेदारी श्रम संसाधन विभाग के मंत्री संजय सिंह टाईगर को दी गयी है।

---

एसएसबी के बासठवें स्थापना दिवस पर आज पटना सीमांत मुख्यालय की ओर से बॉर्डर यूनिटी रन का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता, शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति प्रोत्साहन तथा सामुदायिक एकजुटता को बढ़ावा देना था। रक्सौल में आयोजित कार्यक्रम से केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बॉर्डर यूनिटी रन की शुरूआत की। इस अवसर पर स्थानीय सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल और विधायक प्रमोद कुमार समेत एसएसबी के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। भारत–नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौहत्तर अलग–अलग दौड़ कार्यक्रमों को आयोजन किया गया, जिसमें छब्बीस हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। बॉर्डर यूनिटी रन के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। बेतिया में आयोजित कार्यक्रम में

केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दूबे शामिल हुए। श्री दूबे ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशप्रेम की भावना जागृत करना था।

---बाइट---

इधर, सुपौल के वीरपुर और अररिया में भी एसएसबी की ओर से बॉर्डर यूनिटी रन का आयोजन किया गया।

---

राजगीर स्थित बिहार पुलिस अकादमी में आज प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने परेड की सलामी ली। दीक्षांत परेड में एक हजार दो सौ अठारह प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक शामिल हुए।

---

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के आपराधिक मामलों का निपटारा हुआ। लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली वाद, वाहन दुर्घटना बीमा, वाहन चालान और श्रमवाद जैसे मामले आपसी सहमति के आधार पर निष्पादित किये गए। बक्सर में एक हजार छह सौ तिहत्तर, खगड़िया में एक हजार चार सौ नवासी, सुपौल में एक हजार एक सौ सत्तानवे, अररिया में नौ सौ बासठ, शेखपुरा में चार सौ अस्सी और शिवहर में दो सौ उनहत्तर मामले निष्पादित किये गये।

---

राज्य के मखाना उत्पादक किसानों को गुणवत्तायुक्त बीजों की आपूर्ति बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के माध्यम से की जाएगी। नई दिल्ली में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड की पहली बैठक में यह फैसला लिया गया। कृषि मंत्रालय के सचिव डॉक्टर देवेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में समस्तीपुर के पूसा स्थित डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय और दरभंगा के राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में राज्यों तथा अनुसंधान संस्थानों की वार्षिक कार्ययोजना की समीक्षा की गयी। साथ ही आवश्यकता आधारित अनुसंधान, उन्नत खेती, प्रसंस्करण तकनीकों के विकास और पैकेजिंग के बुनियादी ढांचे की स्थापना समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर बैठक में चर्चा हुई।

---

प्रदेश के तीन हजार आठ सौ से अधिक पुलों की मरम्मत होगी। पथ निर्माण विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जिन पुलों की मरम्मत होगी, वे काफी पुराने हो चुके हैं। इन पुलों की देखरेख और मरम्मत की जिम्मेदारी के लिए एजेंसियों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

---

मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत राज्य में अबतक चौंतीस हजार किलोमीटर से अधिक लंबी सड़क का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इससे चौबीस हजार से अधिक गांव पक्की सड़क से जुड़ गये हैं। ग्रामीण कार्य विभाग के अनुसार सबसे अधिक दो हजार तीन सौ पैंतालीस किलोमीटर सड़क का निर्माण मुजफ्फरपुर जिले में हुआ है।

---

परिवहन सचिव राज कुमार ने कहा है कि वाहन चालक गलत चालान कटने पर ऑनलाईन शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि त्रुटिपूर्ण ई–चालान को निरस्त करने और संशोधन के लिए ई–चालान डॉट परिवहन डॉट जीओवी डॉट इन पर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आवेदन ऑफलाईन मोड में भी स्वीकार किये जायेंगे।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को प्रशासनिक सुधार, तकनीकी नवाचार और गुणवत्ता प्रबंधन के लिए तीन आईएसओ प्रमाण पत्र मिले हैं। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि यह उपलब्धि हासिल करने वाला बिहार बोर्ड देश का पहला विद्यालय परीक्षा बोर्ड बन गया है।

---

राज्य सरकार युवाओं को निशुल्क जापानी, जर्मन, कोरियाई और अरबी भाषा का प्रशिक्षण देगी। श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद ने बताया कि स्नातक उत्तीर्ण युवाओं के अलावा इंजीनियरिंग, नर्सिंग, पॉलीटेक्निक और आईटीआई पास युवाओं को विदेशी भाषा सीखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि कौशल विकास मिशन की ओर पटना के दशरथ मांझी श्रम और नियोजन अध्ययन संस्थान में विदेशी भाषाओं की पढ़ाई की व्यवस्था की गयी है। इसके लिए पात्र छात्रों को निबंधन करवाना

होगा। श्री आनंद ने बताया कि युवाओं को रोजगार और नौकरी के नये अवसर उपलब्ध कराने के लिए यह व्यवस्था की गई है।

---

राष्ट्र आज संसद आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। तेरह दिसंबर दो हजार एक को आज ही के दिन सुरक्षाकर्मियों ने संसद की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्रियों और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद भवन में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

---

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि भारतीय रक्षा बल हमेशा तैयार और प्रासंगिक बने रहने के लिए बदलते परिवेश के अनुरूप ढलने और सुधारों को आत्मसात करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हैदराबाद के पास डिंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में दो सौ सोलहवें बैच की संयुक्त दीक्षांत परेड में जनरल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है।

———बाइट———

आप ऐसे समय में वायु सेना का हिस्सा बन रहे हैं, जब सेना का परिचालन उच्चस्तर का हो चुका है। आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर अब भी धीमे रूप से ही सही, लेकिन जारी है। सर्तकता आपके जीवन का अभिन्न अंग होना चाहिए। जीत के लक्ष्य को अपनी आदत बनाएं।

---

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में ठंड में बढ़ोतरी हुई है। सुबह और शाम के समय अधिक ठंड का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज सात दशमलव छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। सुबह के समय कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा। इधर, कोहरे के कारण आज आरा–मोहनिया फोरलेन पर चार गाड़ियां आपस में टकरा गयी। इस हादसे में कई लोगों को मामूली चोट आई हैं। दूसरी तरफ, पटना के मोकामा थाना क्षेत्र में फोरलेन पर कम दृश्यता के कारण दो ट्रक और एक हाईवा आपस में टकरा गए। हादसे में चार लोग घायल हो गये हैं।

---

ठंड को देखते हुये शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी विद्यालयों के लिए संशोधित समय सारणी जारी की है। समय सारणी के अनुसार सभी विद्यालय सुबह साढ़े नौ बजे से अपराह्न चार बजे तक संचालित होंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सज्जन आर. ने बताया कि संस्कृत और उर्दू विद्यालय भी संशोधित समय सारणी के अनुसार ही संचालित होंगे।

---

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आज से ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज स्पोर्ट्स मीट की शुरूआत हुई। पंद्रह दिसम्बर तक चलने वाले स्पोर्ट्स मीट का उद्घाटन राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने किया। इस आयोजन में देशभर से आये एक हजार चौरासी प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें तीन सौ अट्ठाईस महिला एथलीट शामिल हैं।

---

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बैनर तले अरवल में आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालय योग प्रतियोगिता आज संपन्न हो गया। प्रतियोगिता में तिरहुत प्रमंडल की टीम ने पहला, सारण प्रमंडल ने दूसरा और पटना प्रमंडल की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

---

किशनगंज के महेश बथना स्थित कन्या प्लस टू आवासीय उच्च विद्यालय की अठारह छात्राएं विषाक्त भोजन खाने से बीमार हो गयीं। सभी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी की स्थिति खतरे से बाहर है।

---

मुजफ्फरपुर न्यू बाईपास ओवर ब्रिज के पास अपराधियों ने एक फाइनान्स कर्मी से हथियार के बल पर सत्रह लाख रुपये लूट लिये। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

---

पूर्वी चंपारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामगढ़वा गांव में अपराधियों ने आपसी विवाद में एक युवक की हत्या कर दी।

---

किशनगंज जिले के गलगलिया चेक पोस्ट पर एक करोड़ रुपये मूल्य के दो क्विंटल से अधिक गांजे के साथ पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

दरभंगा से पुलिस ने चोरी और डकैती को अंजाम देने वाले उत्तर प्रदेश के एक गिरोह के सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

कटिहार जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक पिकअप वैन से पांच सौ लीटर से अधिक की शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंघिया घाट सब्जी मंडी के पास उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

मुंगेर जिले के जमालपुर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुई लूट के एक मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

---

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से दिल्ली में आयोजित मिलेनियम फार्मर ऑफ इंडिया राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में रोहतास जिले के छह किसानों को सम्मानित किया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. राज्य सरकार ने नवगठित तीन विभागों की जिम्मेवारी प्रभारी मंत्रियों को सौंपी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जिम्मे रहेगा नागर विमानन विभाग।

02. एसएसबी के स्थापना दिवस के अवसर पर भारत–नेपाल सीमा पर बॉर्डर यूनिटी रन का हुआ आयोजन।

03. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

04. और, राज्य के अधिकांश हिस्सों में ठंड में बढ़ोतरी। सात दशमलव छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ किशनगंज सबसे ठंडा स्थान रहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।